## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 29.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कहा – देश का मार्गदर्शक है संविधान, हर मायने में हमेशा समय की कसौटी पर खरा उतरा।
2. श्री मोदी ने मलेरिया के खिलाफ देश की सफल लड़ाई और कैंसर के इलाज की भारत में बढ़ी संभावनाओं पर दिया जोर।
3. झारखंड में महिलाओं को मुफ्त लगाया जाएगा कैंसर रोधी टीका; धनबाद, बोकारो और गिरिडीह समेत छह जिलों में शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट।
4. पुलिस ने देवघर और गोड्डा जिले से 15 साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और नकद राशि बरामद।

और

5. नयी दिल्ली में चल रहे राष्ट्रीय लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड की विभिन्न टीमों का शानदार प्रदर्शन; पंजाब, मध्यप्रदेश, बंगाल और चंडीगढ़ को हराया।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हमारे लिए मार्गदर्शक है और यह बड़े गर्व की बात है कि भारतीय संविधान के अगले वर्ष 26 जनवरी को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर कई गतिविधियां शुरू हुई हैं जो पूरे साल भर चलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि संविधान की विरासत से नागरिकों को जोड़ने के लिए constitution75.com के नाम से एक विशेष वेबसाइट बनाई गई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के श्रोताओं, बच्चों और युवाओं से इस वेबसाइट को देखने का अनुरोध किया। लोग संविधान की प्रस्तावना पढ़ सकते हैं और वेबसाइट पर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित होने वाले महाकुंभ की भी चर्चा की।

अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने फिल्म और मनोरंजन उद्योग को बधाई देते हुए कहा कि इसने एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री ने यह बताते हुए खुशी जताई कि अगले साल देश में पहली बार विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट यानि वेब समिट का आयोजन होने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने देश में मलेरिया के खिलाफ सफल लड़ाई का जिक्र किया। उन्होंने दुनिया के एक मशहूर मेडिकल जर्नल के शोध के हवाले से कहा कि अब भारत में समय पर कैंसर का इलाज शुरू होने की संभावना काफी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज का मतलब है कि कैंसर मरीज का इलाज 30 दिनों के भीतर ही शुरू हो जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि कैंसर के इस इलाज में आयुष्मान भारत योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है।

*********************

बिहार धार्मिक बोर्ड के अध्यक्ष और महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का आज सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी और संस्कृत के विद्वान आचार्य कुणाल को धार्मिक निकायों के माध्यम से दयालुता के कार्य करने का चौंपियन माना जाता है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांडी और पूर्व मंत्री सरयू राय समेत अन्य नेताओं ने आचार्य कुणाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है।

********************

झारखंड में महिलाओं को कैंसररोधी टीका मुफ्त लगाया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत नौ से 25 वर्ष तक के आयु वर्ग की महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य प्रकार के कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पेपिलोमा वायरस, एचपीवी का टीका लगाया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस योजना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसे मंजूरी के लिए कैबिनेट में भेजा जाएगा। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, फरवरी महीने में पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस योजना की शुरुआत राज्य के छह जिलों धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, गोड्डा, देवघर और साहिबगंज में की जाएगी।

********************

सिमडेगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर कनेक्टिविटी को लेकर कार्य जारी है। अधिक जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

********************

देवघर जिले के साइबर थाने की पुलिस ने सरकारी अधिकारी बन कर ठगी करने वाले दस साइबर अपराधियों को सारवां थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इन अपराधियों के पास से 14 मोबाइल फोन, 22 सिम और तीन एटीएम कार्ड बरामद किया है। इधर, गोड्डा जिले में भी प्रतिबिंब ऐप की मदद से पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी दुमका और रामगढ़ के रहने वाले हैं।

********************

ओडिसा के राउलकेला में कल रात हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन मैच में डेल्ही एस.जी.पाइपर्स ने एक रोमांचक मुकाबले में गोनासिका को चार–दो से हराया। मैच समाप्त होने पर दोनों टीमें दो–दो की बराबरी पर थीं, जसके बाद मैच का फैसला शूटआउट से हुआ। डेल्ही पाइपर्स की ओर से टॉमस डोमिने ने दो गोल किए। गोनासिका के लिए स्टुआन वाकर और विक्टर शार्लेट ने गोल किए। एक रिपोर्ट –

********************

नयी दिल्ली में चल रहे राष्ट्रीय लॉन बॉल प्रतियोगिता में झारखंड की विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कल महिला टीम ने पंजाब को 60 –शून्य से हरा दिया। वहीं, पुरुष टीम ने मणिपुर को 36 –छह से हराकर मैच जीत लिया। इधर, बालिका अंडर 25 में झारखंड ने मध्यप्रदेश को 21–03 से हराया। पुरुष ट्रिपल में झारखंड की टीम ने चंडीगढ़ को 23–05 और बंगाल को 21 – 02 से हराया।

*******समाप्त************